**शनिवार**

30 मार्च 2024



**पृष्ठ 4**

**स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्य फायदों से भरपूर होता है शहतूत का फल**



**पृष्ठ 5**

**जेएनयू प्रोफेसर निवेदिता मेनन की भूमिका निभाएंगी रश्मि देसाई**




- देहरादून
- वर्ष 32
- अंक 62
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00


# दून वैली मेल


सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त


**आज का विचार**

किताबें ऐसी शिक्षक हैं जो बिना कष्ट दिए, बिना आलोचना किए और बिना परीक्षा लिए हमें शिक्षा देती हैं।

– अज्ञात

## भाजपा ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकने को कसी कमर

# पीएम रुद्रपुर व ऋषिकेश में करेंगे रैली

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। आज नाम वापसी का अंतिम दिन है कल से राज्य में चुनावी प्रचार और तेज हो जाएगा। भाजपा द्वारा अपने स्टार प्रचारकों के लिए कार्यक्रम तय किये जा चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो रैलियां रखी गई है उनकी पहली रैली 2 अप्रैल को रुद्रपुर में होगी तथा दूसरी रैली ऋषिकेश में होगी।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का कहना है कि पीएम की रैलियों का कार्यक्रम उन्हें मिल चुका है। 2 अप्रैल को 12 बजे पीएम की रैली होगी जिसकी तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मंत्री सौरभ बहुगुणा इस रैली की तैयारियों को देख रहे हैं। भाजपा द्वारा उत्तराखंड में धुआंधार प्रचार और रैलियो के लिए अपने सभी स्टार प्रचारको के कार्यक्रम तय कर दिए हैं। गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के



❑भाजपा के स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम तय
❑नड्डा तीन को पिथौरागढ़ वह चार को विकास नगर में

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नितिन गडकरी और हेमंता शर्मा सहित तमाम स्टार प्रचारको की कितनी और कहां-कहां रैलिया होगी और किस-किस दिन होगी इसका पूरा कार्यक्रम तय हो चुका है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी 3 अप्रैल को पिथौरागढ़ और 4 अप्रैल को विकास नगर क्षेत्र में रैली करेंगे।

भट्ट का कहना है कि अभी पीएम की दो रैलियां ही तय हुई है लेकिन वह चाहते हैं कि हर लोकसभा क्षेत्र में उनकी एक रैली हो। भाजपा ने अपने 40 स्टार प्रचारको की लिस्ट जारी की है जिसमें सीएम धामी भी शामिल हैं। उनका कहना है कि रुद्रपुर रैली में लाखों की भीड़ देखने को मिलेगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पीएम की पहली रैली नैनीताल लोकसभा क्षेत्र में होने जा रही है अभी मुख्यमंत्री धामी ने कहा था कि वह नैनीताल सीट पर सबसे बड़ी जीत देखना चाहते हैं। भाजपा ने इस सीट पर सांसद अजय भट्ट को चुनाव मैदान में उतारा है।

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# हमें हमारा पप्पू मुबारक तुम्हें तुम्हारा गप्पू: हरीश

विशेष संवाददाता

हरिद्वार। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आज भाजपा पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोग यह माने बैठे हैं कि अब देश में हमेशा उन्हीं की सत्ता रहेगी। सत्ता पक्ष द्वारा विपक्ष के ऊपर जिस तरह के अत्याचार किये जा रहे हैं उसकी सारी हदें पार की जा चुकी है। भाजपा के नेता देश से लोकतंत्र को समाप्त करने पर आमादा है।

पूर्व सीएम हरीश रावत आज हरिद्वार में अपने बेटे और कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत के चुनाव प्रचार के लिए यहां पहुंचे थे। हरीश रावत ने यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार द्वारा जिस तरह विपक्ष के पीछे आयकर और ईडी तथा सीबीआई के घोड़े दौड़ाये जा रहे हैं



❑भाजपा लोकतंत्र को समाप्त करने पर आमादा
❑सत्ता ने विपक्ष पर अत्याचार की हदें पार की

और डर तथा भय का माहौल पैदा किया जा रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की संवैधानिक संस्थाओं का सरकार द्वारा घोर दुरुपयोग किया जा रहा है। भाजपा अब यह मान चुकी है कि हमेशा वह सत्ता में रहेगी। उन्होंने कहा कि लोग आज देश के लोकतंत्र पर आए इस खतरे को गंभीरता से महसूस कर रहे हैं। किसी के खाते सीज किये जा रहे हैं तो किसी पर छापे डलवाए जा रहे हैं और विपक्ष के नेताओं को जेल भेजा जा रहा है। लेकिन यह सब काम भाजपा नेताओं की बौखलाहट को ही दीखाता है और जनता चुनाव में भाजपा को इसका जवाब देने जा रही है।

एक पत्रकार द्वारा जब यह कहा गया कि भाजपा के नेता राहुल गांधी

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## किन्नरों को दान में दिया 15 लाख का प्लॉट

रेवाड़ी। हरियाणा के रेवाड़ी से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां दादा ने पोते होने की खुशी में बधाई लेने आए किन्नरों को 100 गज का प्लॉट गिफ्ट दिया। किन्नरों को मिले इस गिफ्ट की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है। दादा शमशेर सिंह पेशे से बड़े जमींदार हैं, उनके पास काफी पुश्तैनी जमीन है। शमशेर सिंह के बेटे प्रवीन यादव पेशे से एडवोकेट हैं। कुछ समय पहले प्रवीन को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। प्रवीन यादव की पत्नी ने पहली



संतान के रूप में बेटे का जन्म दिया। इस दौरान किन्नर बधाई लेने उनके घर पहुंचे और उन्होंने घर में नाचना, गाना शुरू किया। 10 मिनट नाच गाने के बाद किन्नरों ने बधाई मांगी। तुरंत ही दादा शमशेर सिंह ने 100 गज का प्लॉट उन्हें दे दिया। जिसकी कीमत 12 से 15 लाख रुपये बताई जा रही है। जब शमशेर सिंह ने पूछा कि वह इस प्लॉट में क्या करेंगे, तो किन्नर ने कहा कि वह पशु रखेंगे। इस पर शमशेर सिंह ने कहा कि अगर भैंस भी चाहिए तो वह भी दे देंगे। बता दें कि किन्नरों को दिया गया यह प्लॉट शहर के झज्जर रोड पर इंदिरा कॉलोनी और रामसिंहपुरा के बीच है। इस घटना की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर, स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन में शनिवार को आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश की चार महान हस्तियों - बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर, देश के पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव एवं चौधरी चरण सिंह और देश के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किया।

शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व जननायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनके पुत्र रामनाथ ठाकुर ने यह सम्मान प्राप्त किया। देश के पूर्व प्रध



ानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनके पुत्र पीवी प्रभाकर राव ने राष्ट्रपति से यह सम्मान प्राप्त किया। वहीं देश के एक और पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा माने जाने वाले चौधरी चरण सिंह को को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में उनके पोते जयंत चौधरी ने यह सम्मान प्राप्त किया। देश के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भी (मरणोपरांत) भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनकी बेटी नित्या राव ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह सम्मान प्राप्त किया।

लाल कृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न से सम्मानित किया जाना है। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आडवाणी के घर जाकर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करेंगी।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई अन्य महत्वपूर्ण व्यक्ति भी मौजूद रह सकते हैं।

दून वैली मेल

संपादकीय

# मोदी के मुकाबले में कोई नहीं

2024 का लोकसभा चुनाव एक ऐसा चुनाव है जिसे समझ पाना आम आदमी के लिए संभव ही नहीं है। क्योंकि इस चुनाव में कोई राजनीतिक दल चुनाव नहीं लड़ रहा है सिर्फ सरकार ही चुनाव लड़ रही है। बीते कल कांग्रेस नेता अजय माकन ने दिल्ली में एक पत्रकार वार्ता की। मुद्दा था आईटी विभाग द्वारा कांग्रेस को दिया गया वह नोटिस जिसमें कांग्रेस पर 1,823 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। माकन का यह सवाल था कि जिस तरह की गलतियों पर कांग्रेस पर 1, 823 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है अगर भाजपा पर भी वैसी गलतियों के लिए जुर्माना लगाया जाए तो वह 4600 करोड़ होगा। आयकर विभाग की इस कार्यवाही को माकन टैक्स टेररिज्म की संज्ञा दे रहे हैं। अभी बीते 15 मार्च को कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी ने भी एक ऐसी ही पत्रकार वार्ता की जब कांग्रेस के खातों को सीज करते हुए 135 करोड रुपए जप्त कर लिए गए थे। ईडी की इस कार्यवाही पर कांग्रेस ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग में की थी। कांग्रेस नेताओं का खुद यह कहना है कि जब उसके पास चुनाव प्रचार और नेताओं के इधर-उधर जाने आने तक के लिए पैसे नहीं होंगे तो वह चुनाव कैसे लड़ सकेंगी बात साफ है कि चुनाव बिना पैसे के नहीं लड़ा जा सकता है और बिना लड़े कोई चुनाव जीत नहीं सकता है। राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष तो अभी एक पत्रकार वार्ता में मीडिया से यह अपील करते दिखे कि वह कांग्रेस के विज्ञापन फिलहाल उधार ही छाप दे वह वायदा करते हैं बाद में वह उनका भुगतान कर देंगे। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि आईटी और ईडी द्वारा जिस तरह की कारवाइयां कांग्रेस के खिलाफ पक्षपात पूर्ण तरीके से की जा रही है उन्हें लेकर वह अदालतों का दरवाजा खटखटाएंगे लेकिन उन्हें इतनी जल्द इंसाफ मिलने की उम्मीद नहीं है कि वह चुनाव में इसका उपयोग कर सके। राहुल गांधी का कहना है कि देश की जनता ने अगर उन्हें सत्ता में आने का मौका दिया तो सबका हिसाब किया जाएगा लेकिन सवाल यह है कि सत्ता में आएंगे कैसे? चुनाव से पहले ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की कमर उस हद तक तोड़ी जा चुकी है कि वह अब कुछ भी कर पाने की स्थिति में नहीं रह गए हैं। ऐसी स्थिति में 2024 का यह चुनाव इसलिए भी चुनाव नहीं रह गया है क्योंकि सरकार और सत्ता के मुकाबले दूसरा कोई दल या नेता चुनाव मैदान में है ही नहीं। बोलिंग भी भाजपा को करनी है और बैटिंग भी भाजपा को ही करनी है तब जीतना भी भाजपा का ही तय है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया था तब राजनीतिक समीक्षको और पंडितों को भले ही यह बात हास्यास्पद लगी हो कि भला यह कैसे संभव है लेकिन अब धीरे-धीरे उन्हें भी समझ आने लगा है कि मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हालांकि अपने बारे में बहुत कम ही बोलते हैं लेकिन एक बार किसी सवाल के जवाब में उन्होंने अपने बारे में कहा था कि जो लोग ऐसा सोचते है इसका मतलब है कि वह मोदी को जानते ही नहीं है। समूचा विपक्ष उनकी नीतियों के सामने दंत विहीन शेर बनकर रह जाएगा। क्या कभी किसी ने सोचा था? यह मोदी की नीतियों का ही कमाल है कि 2024 के इस चुनाव में उनके मुकाबले दूर-दूर तक भी कोई मैदान में दिखाई नहीं दे रहा है।

# उत्तराखंड कांग्रेस की मीडिया समन्वय समिति घोषित

### ❑राजीव महर्षि को दी बड़ी जिम्मेदारी

हमारे संवाददाता



देहरादून। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने मीडिया समन्वय समिति की घोषणा कर दी। राजीव महर्षि को समिति का मुख्य समन्वयक बनाया गया। जबकि समिति में कुल 16 सदस्य होंगे।

राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मीडिया समन्वय समिति का एलान कर दिया है। समिति में मथुरा दत्त जोशी, अमरजीत सिंह, धीरेंद्र प्रताप, सूर्यकांत धस्माना, सुरेंद्र कुमार, नवीन जोशी, गरिमा दसौनी, लखपत बुटोला, प्रदीप जोशी, प्रिया थापा, शीशपाल सिंह बिष्ट, गणेश उपाध्याय, राजेश चमोली, विशाल मौर्य, आशीष नौटियाल, मोहन लाल समिति के सदस्य होंगे।

त्रीणि त्रितस्य धारया पृष्ठेष्वेरया रयिम्।
मिमीते अस्य योजना वि सुक्रतुः।।

(ऋग्वेद ९-१०२-३)

परमात्मा मूल प्रकृति के तीन तत्वों सत्, रज् और तम् से इस सृष्टि की रचना करता है।

# सीएम धामी ने पुरोला मुख्य बाजार में किया एक विशाल रोड़ शो

कार्यालय संवाददाता



उत्तरकाशी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुरोला विधानसभा के पुरोला बाजार में किया भव्य रोड़ शो। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी टिहरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी माला राज्यालक्ष्मी शाह के लिये वोट मांगने 29 मार्च को पुरोला पहुंचे। रैली स्थल में पहुंचने से पहले सीएम धामी ने पुरोला मुख्य बाजार में एक विशाल रोड़ शो किया।

सीएम के रोड शो के दौरान उपस्थित जनसैलाब ने पीएम मोदी, सीएम धामी और महारानी राज्य लक्ष्मी शाह के पक्ष में जबरदस्त नारेबाजी की । रोड शो में मुख्यमंत्री के चुनावी रथ पर लोगों ने घरों से जाकर फूल बरसाए। बदले में मुख्यमंत्री ने भी लोगों पर जमकर पुष्प वर्षा की। हजारों की संख्या में लोगों के हुजूम के साथ रोड शो जनसभा स्थल पर पहुंचा।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पुरोला में भारी जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि सैकड़ों वर्षों से भगवान श्री राम का मंदिर नहीं बन पाया आज पीएम मोदी ने विशाल मंदिर का निर्माण करवा दिया। वहीं जम्मू कश्मीर में धारा 370 जैसे धारा को हटा दिया ये सब आप लोगों के वोट की तागत थी जिसे पीएम मोदी ने करके दिखाया। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए और तीसरी बार पीएम मोद को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए टिहरी लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह जी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र राणा, विधायक दुर्गेश्वर लाल, राज्य मंत्री बागवानी राजकुमार, पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, पूर्व विधायक मालचंद, उत्तराकाशी जिले की प्रभारी श्रीमती नीरू देवी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम डोभाल, रमेश चौहान,विधानसभा प्रभारी लोकेंद्र सिंह विष्ट, पूर्व अनुसूचित जाति आयोग सदस्य डा. स्वराज विद्वान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, गंगोत्री के प्रभारी जगत सिंह चौहान जी, अमीचंद शाह, मोरी प्रमुख बचन पंवार,पूर्व प्रमुख सुलोचना गौड़, जिला महामंत्री पवन नौटियाल , अमित चंद शाह, आनंदी राणा, अनीता परमार, मंडल अध्यक्ष पुरोला जगमोहन पंवार, मोरी के मंडल अध्यक्ष श्री ईश्वन पंवार, बरनीगाड़ डामटा के मंडल अध्यक्ष दिनेश नौटियाल, नौगांव के मंडल अध्यक्ष संदीप असवाल, सांकरी मंडल अध्यक्ष दर्शन सिंह रावत, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ढाबे का ताला तोड बर्तन व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने ढाबे का ताला तोडकर वहां से बर्तन, नगदी व सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जस्सोवाला निवासी जयदीप राणा ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका खुशहालपुर में ढाबा है। आज जब वह अपने ढाबे पर पहुंचा तो उसने देखा कि उसके ढाबे का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके यहां से इंडेक्शन चूल्हे, बर्तन, स्टील की टोटियां व छह हजार रूपये नगद चोरी करके ले गये हैं।

# सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

नैनीताल (हसं)। काठगोदाम क्षेत्रांर्तगत सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। काठगोदाम थाना प्रभारी विमल मिश्रा ने बताया कि सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र काठगोदाम से बीते रोज सूचना मिली कि सरकारी आवास में सब इंस्पेक्टर बसंत सिंह बोहरियाल (54) का शव फंदे पर लटका मिला है। बसंत सिंह सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में रेडियो ऑपरेटर पद पर तैनात थे वह मूलरूप से उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के बेरीनाग स्थित अनौली के निवासी थे। पुलिस के मुताबिक जब आवास के आसपास के लोगों ने बसंत को फंदे पर लटका देखा तो इसकी सूचना ग्रुप केंद्र के अधिकारियों को दी गई, अधिकारियों ने मामले की जानकारी काठगोदाम पुलिस को दी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया साथ ही मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी गई। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मामला आत्महत्या से जुड़ा हो सकता है।

# पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

संवाददाता




देहरादून। श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजपुर की छात्राओं ने विज्ञान धाम झंझरा में शैक्षिक भ्रमण किया।

आज यहां विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती प्रेमलता बौडाई ने प्रातः दस बजे सात बसों को हरी झंडी दिखाकर भ्रमण के लिए रवाना किया स 50 छात्राओं एवं 2 शिक्षकाओ की एक टीम आईआईटी रुड़की वह 300 छात्राओं एवं 12 शिक्षकाओ की एक टीम विज्ञान धाम झांझरा शैक्षिक भ्रमण के लिए पहुंची। आईआईटी रुड़की में सात विभागों के अवलोकन और ज्ञानार्जन की अनुमति मिली। छात्राओं ने प्रोफेसर टीना पुजारा के निर्देशन में उनके रिसर्च स्कॉलर्स की मदद से संपूर्ण विभागों का अवलोकन किया। छात्राओं ने पूर्ण रुचि के साथ इस विभाग का ज्ञानार्जन किया। दूसरी टीम 300 छात्राओं वह 12 शिक्षिकाओं के माध्यम से विज्ञान धाम 11 बजे पहुंचे सर्वप्रथम छात्राओं ने दाहिनी तरफ डायनासोर की विभिन्न प्रजातियों के मॉडल देखें इसके बाद बाई तरफ विभिन्न भारतीय वैज्ञानिकों के पुतले देख छात्राओं ने वैज्ञानिक सिद्धांतों को सिद्ध करने वाले अनोखे झूलों का आनंद लिया। इसके पश्चात विभागीय कर्मचारियों द्वारा छात्राओं को अनेक टोलियों में बांटा गया। इन छात्राओं तारामंडल के दर्शन किया। मनोरंजक तरीके से रोमांचित करने वाले जादू सिद्धांतों से छात्राओं को अवगत कराया गया। जैसे जादुई कुआं, भंवर, हथेली में छेद, गेंद को उड़ाना, बवंडर, ग्रहों की चाल इत्यादि। विज्ञान धाम के संरक्षक अधिकारी द्वारा हिमालय की उत्पत्ति का इतिहास वह अब तक की घटित विभिन्न घटनाओं के बारे में अवगत कराया गया। इसके पश्चात छात्राओं को मंगल की यात्रा, अंतरिक्ष उपनिवेश एवं अंतरिक्ष पर्यटक आभासी प्रभाव मैटेरियल्स, न्यूक्लियर पावर जेनरेशन आदि के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं ने इन जानकारी को अपनी डायरी में उत्साह पूर्वक नोट किया। विद्यालय की 12 शिक्षिकाओं के संरक्षण में यह भ्रमण पूर्ण हुआ।

# बददिमाग यात्रियों पर सख्ती जरूरी



पिछले लगभग ढ़ाई दशकों में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जिस एक संसाधन से सबसे ज्यादा विकसित व संपन्न हुई है, वह है दिल्ली मेट्रो। अपनी शुरुआत से ही यह अपनी खूबियों की वजह से न सिर्फ लोकप्रिय हुई बल्कि बहुत सारे कीर्तिमान भी स्थापित किए।

आज मेट्रो का विस्तार न केवल दिल्ली वरन दिल्ली से लगे पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम,फरीदाबाद तक हो चुका है। दिल्ली मेट्रो आए दिन चर्चा का विषय बनती रहती है कभी रिकॉर्ड यात्रियों द्वारा मेट्रो में सफर के लिए तो कभी दिल्ली मेट्रो में यात्रियों द्वारा तरह-तरह की गतिविधियों के लिए। पिछले कुछ वर्षों में जब से रील कल्चर पापुलर हुआ है दिल्ली मेट्रो रील बनाने वालों का भी एक प्रमुख अड्डा बन गया है। सिंगिंग, डांसिंग से लेकर प्रैंक वीडियो तक दिल्ली मेट्रो में बिना परमिशन के शूट किए जाते रहे हैं और तमाम नियम-अधिनियम और कानूनों के बावजूद दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन इन्हें रोकने में असफल साबित हुआ है।

आए दिन दिल्ली मेट्रो में अश्लील हरकतें करते हुए कपल के वीडियो वायरल होते रहे हैं, तो कभी गाली-गलौज करते हुए कुछ यात्री। डीएमआरसी के अनुसार दिल्ली मेट्रो में प्रतिदिन लाखों यात्री सफर करते हैं ऐसे में सभी पर नजर रख पाना संभव नहीं है, इसलिए यात्रियों से अपील है कि अगर वे आस-पास किसी को अश्लील हरकत करते हुए देखते हैं तो तुरंत मेट्रो ट्रेन के कोच में लगे इमरजेंसी बटन को दबाकर ट्रेन ऑपरेटर को भी इसकी सूचना दे सकते हैं।

भारतीय दंड संहिता की धारा 294 कहती है कि व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थल पर न तो अश्लील कार्य कर सकता है न ही कोई अश्लील गाने बजा सकता है न इस तरह की कोई हरकत कर सकता है, जिससे दूसरे लोग प्रभावित हों। ऐसा करते हुए पाए जाने पर उसको तीन महीने की सजा अथवा जुर्माना या फिर दोनो हो सकता है। हालांकि इस कानून में अश्लीलता को परिभाषित नहीं किया गया है, परंतु कोई भी ऐसा कार्य जिसे देखकर लोग असहज महसूस करें तो वह अश्लीलता की ही श्रेणी में आता है।

अश्लीलता को परिभाषित करना अपने आप में एक जटिल कार्य है, फिर भी सार्वजनिक जगहों पर नितांत निजी क्रियाओं को अश्लील कहा जा सकता है। दिल्ली मेट्रो अधिनियम की धारा 59 के तहत यह प्रावधान है कि कोई व्यक्ति अगर मेट्रो के अंदर किसी प्रकार की अभद्रता या अश्लीलता करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उसे मेट्रो से तुरंत उतारकर उस पर जुर्माने के रूप में ५०० रु पए दंड का भी प्रावधान है। वैसे ये नियम तब लागू होता है जब व्यक्ति नशे की हालत में हो या उसने किसी के साथ अभद्रता की हो।

दिल्ली मेट्रो में आए दिन महिला सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं कभी महिला यात्रियों से छेड़-छाड़ तो कभी उनके साथ अभद्रता की खबरें आती रहीं हैं। इसको लेकर दिल्ली मेट्रो की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हां दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने रील बनाने जैसे कायरे को पूरी तरह प्रतिबंधित कर रखा है और ऐसा करते हुए पाए जाने पर उनके विरु द्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए हैं। फिर भी आए दिन चलती हुई मेट्रो में कभी तरह-तरह के स्टंट करते हुए युवा रील बना रहे हैं तो कभी अन्य सहयात्रियों की असुविधा का ध्यान रखे बिना प्रेम या चुंबन जैसे निजी क्रिया को सार्वजनिक दिखावा करते हुए पाए जा रहे हैं। ऐसा कई बार इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के लिए भी किया जाता है।

अभी पिछले दिनों दो महिलाओं की मेट्रो में हुई लड़ाई का वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें दोनों एक-दूसरे को भद्दी-भद्दी गालियां दे रही हैं। क्या इस तरह की घटनाओं से बाकी सहयात्री प्रभावित नहीं होते? क्या बच्चों/युवाओं पर ऐसी घटना का बुरा प्रभाव नहीं पड़ता? आए दिन मेट्रो में चोरी की घटनाएं हो रही हैं, ग्रुप बनाकर चोरी करने वाले गिरोह (महिला/पुरु ष दोनों) ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, पर इसे भी दुर्भाग्य से रोका नहीं जा पा रहा। क्या डीएमआरसी को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस उपाय नहीं करना चाहिए?

क्या ऐसे लोगों की आगे कुछ समय के लिए मेट्रो की यात्रा करने पर रोक नहीं लगा देना चाहिए? हवाई यात्राओं में कोई यात्री दुं?यवहार करता पाया जाता है और ऐसा बार-बार करता है तो उसको जैसे भविष्य में कुछ माह/साल के लिए यात्रा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाता है वैसे ही मेट्रो की यात्रा के लिए भी किया जाना वक्त की मांग है। ऐसे कृत्य के लिए फिलहाल दंड या जुर्माने का प्रावधान नाकाफी है। यात्रियों की बेहतरी, सुरक्षा और निजता की रक्षा के लिए डीएमआरसी को अपने प्रावधानों में बदलाव करना चाहिए। निश्चित तौर पर इन सुधारों से दिल्ली मेट्रो दुनिया की सबसे बड़ी लाइन, सर्वाधिक यात्रियों के साथ सबसे बेहतर और सुरक्षित सुविधा वाली सेवा साबित होगी। (आरएनएस)

# पारंपरिक जल-स्रोत बचाएं

पंकज चतुर्वेदी

कोई साल बारिश का रूठ जाना तो कभी ज्यादा ही बरस जाना हमारे देश की नियति है। थोड़ा ज्यादा बरसात हो जाए तो उसके समेटने के साधन नहीं बचते और कम बरस जाए तो ऐसा रिजर्व स्टॉक नहीं दिखता जिससे काम चलाया जा सके।

अनुभवों से यह तो स्पष्ट है कि भारी-भरकम बजट, राहत, नलकूप जैसे शब्द जल संकट के निदान नहीं हैं। करोड़ों-अरबों की लागत से बने बांध सौ साल भी नहीं चलते, जबकि हमारे पारंपरिक ज्ञान से बनी जल संरचनाएं ढेर सारी उपेक्षा, बेपरवाही के बावजूद आज भी पानीदार हैं। जलवायु परिवर्तन के खतरे के सामने आधुनिक इंजीनियरिंग बेबस है। यदि भारत का ग्रामीण जीवन और खेती बचाना है तो बारिश की हर बूंद को सहेजने के अलावा और कोई चारा नहीं बच रहा है।

देश के बहुत बड़े हिस्से के लिए अल्प वर्षा नई बात नहीं है, और न ही वहां के समाज के लिए कम पानी में गुजारा करना, लेकिन बीते पांच दशक के दौरान आधुनिकता की आंधी में दफन हो गए हजारों चंदेल-बुंदेला कालीन तालाबों और पारंपरिक जल पणालियों के चलते ये हालात बने। मप्र के बुरहानपुर शहर की आबादी तीन लाख के आसपास है। निमाड़ का यह इलाका पानी की कमी के लिए जाना जाता है लेकिन आज भी शहर में कोई अठारह लाख लीटर पानी प्रति दिन एक ऐसी प्रणाली के माध्यम से वितरित होता है, जिसका निर्माण 1615 में किया गया था। यह प्रणाली जल संरक्षण और वितरण की दुनिया की अजूबी मिसाल है, जिसे 'भंडारा' कहा जाता है। सतपुड़ा की पहाडि?ों से एक-एक बूंद जल जमा करना और उसे नहरों के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंचाने की यह व्यवस्था मुगलकाल में फारसी जल-वैज्ञानिक तबकुतुल अर्ज ने तैयार की थी। समय की मार के चलते दो भंडारे पूरी तरह नष्ट हो गए हैं।

सनद रहे कि हमारे पूर्वजों ने देश-काल-परिस्थिति के अनुसार बारिश को समेट कर रखने की कई पणालियां विकसित और संरक्षित की थीं, जिनमें तालाब सबसे लोकप्रिय थे। घरों की जरूरत यानी पेयजल और खाना बनाने के लिए मीठे पानी का साधन कुआं कभी हर घर-आंगन में हुआ करता था। धनवान सार्वजनिक कुएं बनवाते थे। हरियाणा से मालवा तक जोहड़ या खाल जमीन की नमी बरकरार रखने की प्राकृतिक संरचना हैं। ये आम तौर पर वर्षा-जल के बहाव क्षेत्र में पानी रोकने के प्राकृतिक या कृत्रिम बांध के साथ छोटे तालाब की मानिंद होते हैं। तेज ढलान पर तेज गति से पानी के बह जाने वाले भूस्थल में पानी की धारा को काट कर रोकने की पद्धति 'पाट' पहाड़ी क्षेत्रों में लोकप्रिय रही है। एक नहर या नाली के जरिए किसी पक्के बांध तक पानी ले जाने की प्रणाली 'नाड़ा या बंधा' अब देखने को नहीं मिल रही। कुंड और बावडि?ा महज जल संरक्षण के साधन नहीं, बल्कि हमारी स्थापत्य कला के बेहतरीन नमूना रहे हैं। आज जरूरत है कि ऐसी पारंपरिक पणालियों को पुनर्जीवित करने के लिए खास योजना बनाई जाए और इसकी जिम्मेदारी स्थानीय समाज की ही हो।

यह देश-दुनिया जब से है तब से पानी अनिवार्य जरूरत रही है और अल्प वर्षा, मरुस्थल, जैसी विषमताएं प्रकृति में विद्यमान रही हैं-यह तो बीते दो सौ साल में ही हुआ कि लोग भूख या पानी के कारण अपने पुश्तैनी घरों-पिंडों से पलायन कर गए। उसके पहले का समाज तो हर तरह की जल-विपदा का हल रखता था। अभी हमारे देखते-देखते ही घरों के आंगन, गांव के पनघट और कस्बों के सार्वजनिक स्थानों से कुएं गायब हुए हैं। बावडि?ों को हजम करने का काम भी आजादी के बाद ही हुआ। हमारा आदि-समाज गर्मी के चार महीनों के लिए पानी जमा करने और किफायत से खर्च करने को अपनी संस्कृति मानता था। अपने इलाके के मौसम, जलवायु चक्र, भूगर्भ, धरती-संरचना, पानी की मांग-आपूर्ति का गणित भी जानता था। उसे पता था कि खेत को कब पानी चाहिए और कितना मवेशी को और कितने में कंठ तर हो जाएगा। वह अपनी गाड़ी को साफ करने के लिए पाइप से पानी बहाने या हजामत के लिए चालीस लीटर पानी बहा देने वाली टोंटी का आदी नहीं था। भले ही आज उसे बीते जमाने की तकनीक कहा जाए लेकिन आज भी देश के कस्बे-शहर में बनने वाली जल योजनाओं में पानी की खपत और आवक का वह गणित कोई नहीं आंक पाता है, जो हमारा पुराना समाज जानता था।

राजस्थान में तालाब, बावडि?ें, कुई और झालार सदियों से सूखे का सामना करते रहे। ऐसे ही कर्नाटक में कैरे, तमिलनाडु में ऐरी, नगालैंड में जोबो तो लेह-लद्दाख में जिंग, महाराष्ट्र में पैट, उत्तराखंड में गुल, हिमाचल प्रदेश में कुल और जम्मू में कुहाल कुछ ऐसे पारंपरिक जल-संवर्धन के सलीके थे जो आधुनिकता की आंधी में कहीं गुम हो गए और आज जब पाताल का पानी निकालने और नदियों पर बांध बनाने की जुगत नाकाम होती दिख रही हैं तो फिर उनकी याद आ रही है। गुजरात में कच्छ के रण में पारंपरिक मालधारी लोग खारे पानी के ऊपर तैरती बारिश की बूंदों के मीठे पानी को 'विरदा' के प्रयोग से संरक्षित करने की कला जानते थे। सनद रहे कि उस इलाके में बारिश भी बहुत कम होती है। हिम-रेगिस्तान कहे जाने वाले लेह-लद्दाख में सुबह बरफ रहती है, और दिन में धूप के कारण कुछ पानी बनता है जो शाम को बहता है। वहां के लोग जानते थे कि शाम को मिले पानी को सुबह कैसे इस्तेमाल किया जाए।

तमिलनाडु में एक जल सरिता या धारा को कई-कई तालाबों की श्रृंखला में मोड?र हर बूंद को बड़ी नदी और वहां से समुद्र में बेजा होने से रोकने की अनूठी परंपरा थी। उत्तरी अराकोट और चेंगलपेट जिले में पलार एनीकेट के जरिए इस 'पद्धति तालाब' प्रणाली में 317 तालाब जुड़े हैं। रामनाथपुरम में तालाबों की अंतर्श्रृंखला भी विस्मयकारी है। पानी के कारण पलायन के लिए बदनाम बुंदेलखंड में भी पहाड़ी के नीचे तालाब, पहाड़ी पर हरियाली वाला जंगल और एक तालाब के 'ओने' (अतिरिक्त जी की निकासी का मुंह) से नाली निकाल कर उसे उसके नीचे धरातल पर बने दूसरे तालाब से जोड़ने और ऐसे पांच-पांच तालाबों की कतार बनाने की परंपरा ९००वीं सदी में चंदेल राजाओं के काल से रही है। वहां तालाबों के आंतरिक जुड़ावों को तोड़ा गया, तालाब के बंधान फोड़े गए, तालाबों पर कालोनी या खेत के लिए कब्जे हुए, पहाड़ी फोड़ी गई, पेड़ उजाड़ दिए गए। इसके कारण जब जल देवता रूठे तो पहले नल, फिर नलकूप के टोटके किए गए। सभी उपाय जब हताश रहे तो आज फिर तालाबों की याद आ रही है।

# इन चीज़ों से बनाइये घर के लिये पर्दे

घर की सजावट में पर्दों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इनकी मौजूदगी से घर की दीवारों, दरवाज़ेखिड़कियों और फर्नीचर सभी की शोभा बढ़ जाती है। इतना ही नहीं पर्दे कमरो के पार्टिशन और प्राइवेसी को बनाये रखने में भी मदद करते हैं। घर में पर्दे लगाना बहुत आसान है फिर चाहे तो आप किसी फर्निश्गिंग की दुकान से आप ले सकते हैं या फिर ऑनलाइन भी मँगा सकते हैं। लेकिन यह दोनों ही आपको बहुत महंगे पड़ेंगे। लेकिन अगर आप खुद पर्दे बना लेंगी तो यह सस्ता पड़ेगा।

आज हम आपको कुछ ऐसे ही कपड़ों के बारे में बताने जा रहें हैं। जिन से आप सस्ते और आसानी से घर बैठे पर्दे बना सकती हैं। इसके लिए आपको बहार से महंगा कपड़ा खरीदने की कोई जरुरत नहीं है। चलिए जानते हैं कुछ ऐसे ही कपड़ों के बारे में।

साड़ी अगर आपके घर में पुरानी साड़ियां हैं और आप उनका इस्तेमाल नहीं करती हैं तो आप इनका पर्दे बनाने में इस्तेमाल कर सकती हैं। सिल्क साड़ियों से बने पर्दे घर को बहुत ही आकर्षक लुक देगा। लेकिन सिंगल टोंड शिफॉन की साड़ी पर्दों के लिए सबसे अच्छी हैं क्योंकि यह घर के फर्नीचर से मिक्स एंड मैच हो जाएंगी। दुपट्टा सलवार कमीज के साथ मिलने वाले दुपट्टे अक्सर सलवार कमीज के ख़राब हो जाने के बाद भी अच्छे से रहते हैं। इन्हे आप घर में पर्दे बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। क्योंकि यह कई सारे रंगो और शेड्स में आते हैं।

स्टॉल्स स्टॉल्स ज्यादातर एक ही रंग के होते हैं जिन्हे हम गाउन और साड़ी के साथ पहनते हैं। इन्हे आप दूसरे पर्दों के साथ मिला कर पुराने पर्दों को और खूबसूरत बना सकती हैं। इसके लिए आपके पास बहुत सारे स्टॉल्स होने चाहिए।

चादरे पुरानी चादरों से आप घर के लिए सबसे सस्ते पर्दे बना सकती हैं। आप दो से तीन चादरों को मिक्स करके नए पर्दे बना सकती हैं। कपड़े के अस्तर अगर आप अपने घर को कंट्री साइड सम्मेरी लुक देना चाहते हैं जिससे घर में धुप और रौशनी अच्छे से आये। तो आप अपनी ड्रेस के अस्तर का इस्तेमाल पर्दे बनाने में कर सकती हैं। मेज़पोश अगर आप सोच रही हैं कि क्रोशिया के पर्दे कैसे लगेंगे? तो ये काफी आर्टिस्टिक लुक देंगे आपके घर को।

# महिलाएं अधिक अनुशासित, केंद्रित और मेहनती होती हैं

विजय गर्ग

आर्थिक उत्पादकता में वृद्धि ने प्रतिभा की मांग बढ़ा दी है। आज, जब नियोक्ता अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक कुशल कार्यबल की तलाश कर रहे होते हैं तो वे लैंगिक अज्ञेयवादी होते हैं और पारंपरिक रूप से पुरुष-केंद्रित नौकरी भूमिकाओं के लिए भी महिलाओं के लिए खुले होते हैं। हाल के आंकड़ों के अनुसार, महिला श्रम बल भागीदारी दर पांच साल पहले के 23त्न के मुकाबले 37त्न है और 25त्न प्रशिक्षु महिलाएं हैं।

विभिन्न सरकारी पहल और नीतियां महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देती हैं। खुदरा, बैंकिंग, स्वास्थ्य देखभाल, आतिथ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अधिकतम महिला कार्यबल है, लेकिन सबसे हालिया प्रवृत्ति मशीन संचालन में विनिर्माण क्षेत्र में महिला कार्यबल की वृद्धि है जो पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान रही है। पूरे भारत में, कई विनिर्माण संयंत्र महिलाओं द्वारा चलाए जाते हैं और यह चलन बढ़ रहा है। सामाजिक वर्जनाएँ टूट रही हैं क्योंकि परिवार बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित कर रहे हैं। हाल की एआईएसएचई की रिपोर्ट के अनुसार, महिला जीईआर 28त्न है जो साल दर साल नाममात्र 3त्न बढ़ी है। आज, 2 करोड़ से कुछ अधिक महिलाएँ उच्च शिक्षा में नामांकित हैं। कांच की छत को तोड़ना महिलाएं कार्यस्थल पर सिर्फ कौशल के अलावा और भी बहुत कुछ लेकर आती हैं। अधिक अनुशासित, केंद्रित और बिना बकवास के रवैये के साथ मेहनती होने से कार्य संस्कृति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और उत्पादकता भी बढ़ती है। एक महिला अक्सर कार्यस्थल पर तकनीकी कौशल, ज्ञान और व्यक्तिगत गुणों का मिश्रण लाती है। प्रतिभा पूल विकसित करने के लिए, कई स्किलिंग, रीस्किलिंग और अपस्किलिंग पहलों के बीच, उद्योग एक प्रतिभाशाली कार्यबल बनाने के लिए शिक्षा जगत के साथ भी सहयोग कर रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2०2० डिग्री अप्रेंटिसशिप जैसे कार्य-आधारित शिक्षा कार्यक्रमों की पेशकश करने के लिए ऐसे सहयोग को प्रोत्साहित करती है। कक्षा में सीखने की परंपरा को तोड़ते हुए, डिग्री प्रशिक्षुता सिद्धांत और नौकरी पर सीखने का मिश्रण है जिसे उद्योग विशेषज्ञों और सक्षम संकाय द्वारा वास्तविक कार्य वातावरण में उद्योग की स्थापना पर संयुक्त रूप से निष्पादित किया जाता है। अनुभवात्मक शिक्षा मौलिक है; यह संज्ञानात्मक कौशल और तकनीकी ज्ञान दोनों का निर्माण करता है।

कार्यक्रम राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) और राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) का पालन करते हैं। सबसे बड़ी बात कार्यक्रम का वित्तपोषण है, जो उद्योग द्वारा किया जाता है और छात्र प्रशिक्षु अच्छा वजीफा कमाते हैं। यह सिर्फ एक प्रशिक्षुता या डिग्री कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक समग्र कैरियर विकास कार्यक्रम है जो संगठनों को जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को तलाशने में मदद करता है। संगठन अपने लिंग विविधता एजेंडे को पूरा करने के लिए डिग्री प्रशिक्षुता का उपयोग कर रहे हैं। प्रतिभा पाइपलाइन बनाने के लिए तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं।

महिला आईटीआई उम्मीदवारों की कमी कुशल महिलाओं के लिए विनिर्माण इकाइयों में डिग्री प्रशिक्षुता को एक पसंदीदा विकल्प बनाती है। साथ ही, नियमित कॉलेज डिग्री के बजाय, रिटेल, आईटी/आईटीईएस और वित्तीय सेवाओं जैसे सेवा उद्योगों में नौकरी के लिए तैयार होने के लिए डिग्री अप्रेंटिसशिप एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आर्थिक विकास के लिए आवश्यक ग्रामीण महिलाओं को एकजुट करने और उन्हें कौशल के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए संगठन डिग्री प्रशिक्षुता का भी भरपूर उपयोग कर रहे हैं। कुछ लोग इन कार्यक्रमों को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत चलाते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि डिग्री अप्रेंटिसशिप के तहत वेतन समानता भी है जो युवा महिलाओं के लिए करियर बनाने को अनुकूल बनाती है। व्यावसायीकरण करनाउच्च शिक्षा में, यूजीसी ने बी वोक की शुरुआत की थी, हालांकि, नामकरण उन्हें कम आकांक्षापूर्ण बनाता है, और पिछली तीन एआईएसएचई रिपोर्टों के अनुसार, नामांकन में गिरावट आई है।

औद्योगिक विशेषज्ञता के साथ बीएससी और बीबीए जैसे डिग्री प्रशिक्षुता पाठ्यक्रम युवाओं और समाज के लिए अधिक स्वीकार्य हो गए हैं। आर्थिक उन्नति के लिए महिला सशक्तिकरण आवश्यक है। जैसे-जैसे हम 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ रहे हैं और 2०47 तक 3० ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की तैयारी कर रहे हैं, श्रम बल में महिलाओं की उच्च भागीदारी अनिवार्य है, और एक समावेशी कार्यबल बनाने में डिग्री प्रशिक्षुता प्रमुख चालक है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्य फायदों से भरपूर होता है शहतूत का फल



जब बेरी खाने की बात आती है तो आमतौर पर लोग स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी और चेरी आदि पसंद करते हैं, लेकिन भारत में मिलने वाली एक बेरी के बारे में कम ही लोग जानते हैं।हम शहतूत की बात कर रहे हैं, जो पोषक तत्वों और मीठे स्वाद से लैस होती है। इनका स्वाद काफी हद तक अंगूर और ब्लैकबेरी जैसा होता है। इसे मलबेरी भी कहते हैं, जिसे डाइट का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए।

पाचन स्वास्थ्य में सुधार

शहतूत में पर्याप्त मात्रा में आहार फाइबर होता है, जिसकी हमारे शरीर को उचित पाचन के लिए जरूरत होती है। इसके सेवन से पेट में गया खाना आसानी से पच जाता है।अगर आपको कब्जियत की परेशानी है तो शहतूत खाने से उसे सुधारा जा सकता है। इन्हें खाने से हमें सूजन और पेट में ऐंठन की समस्या से राहत मिल सकती है।इस बेरी को खान-पान का हिस्सा बनाने से वजन घटाने में भी सहायता मिलती है।

नियंत्रित रहता है रक्त शर्करा का स्तर

आप अपने शरीर में शक्कर के स्तर को संतुलित रखना चाहते हैं तो सफेद शहतूत आपको सबसे अच्छे परिणाम देगा।अध्ययनों से पता चलता है कि सफेद शहतूत में मौजूद कुछ रसायन टाइप-2 मधुमेह के इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं से मेल खाते हैं।अगर आप भी इस बीमारी से जूझ रहे हैं तो डॉक्टरों की सलाह के बाद इन्हें डाइट में जोड़ें। यह शरीर के रक्त में चीनी की मात्रा को नियंत्रण में रख सकता है।

कम हो सकते हैं कैंसर के लक्षण

शहतूत एंथोसायनिन से भरपूर होता है, जो कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में मददगार होता है। इसमें रेसवेराट्रॉल भी मौजूद होता है, जो कैंसर-रोधी गुणों के लिए जाना जाता है।इसके सेवन से कोलन कैंसर, त्वचा कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर और थायरॉयड से लड़ने में सहायता मिल सकती है। कैंसर के लक्षणों को कम करने के लिए डॉक्टरी सलाह के बाद न सिर्फ यह फल, बल्कि इसकी पत्तियां और पेड़ की छाल भी खान-पान में जोड़ी जा सकती है।



हड्डियां होती हैं मजबूत

हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए विटामिन- के, कैल्शियम और आयरन जैसे पोषक तत्वों का सही मात्रा में मिलना जरूरी होता है। इन सभी तत्वों को आप शहतूत के सेवन से पा सकते हैं।ये पोषक तत्व कमजोर हड्डियों की परेशानी को दूर करने के लिए जाने जाते हैं। रोजाना शहतूत खाने से आप ऑस्टियोपोरोसिस और गठिया जैसी हड्डियों की दिक्कत को प्राकृतिक रूप से कम कर सकते हैं।ब्लूबेरी के सेवन से भी शरीर को कई लाभ मिलते हैं।

सर्दी-जुकाम से मिलती है निजात

अगर आप अकसर सर्दी-जुकाम से परेशान रहते हैं तो इस समस्या को शहतूत खाने से दूर किया जा सकता है। सफेद शहतूत शरीर के जहरीले और नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टीरिया को मारने के लिए जाने जाते हैं।इसे डाइट में शामिल करने से बंद नाक को खोला जा सकता है और बहती नाक को भी कुछ हद तक ठीक किया जा सकता है। शहतूत में फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, जो जुकाम से आराम दिलाते हैं।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -118


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

# 7 साल बाद कपिल शर्मा के शो में हुई गुत्थी की वापसी

सबसे पहले कलर्स और उसके बाद सोनी चैनल, कपिल शर्मा का शो इन दोनों चैनल्स पर छाया रहा। द कपिल शर्मा शो शो काफी सालों से लोगों को टीवी पर एंटरटेन करता आ रहा है। अब इसका नया वर्जन नेटफ्लिक्स पर देखने को मिलेगा और इस शो का नाम द ग्रेट इंडियन कपिल शो है जिसका ट्रेलर रिलीज किया गया है।

द ग्रेट इंडियन कपिल शो से सुनील ग्रोवर पूरे 7 सालों के बाद वापसी कर रहे हैं। वैसे तो उन्होंने गुत्थी का रोल दूसरे शोज में भी किया है लेकिन जिस शो में वो पहली बार गुत्थी बने थे उसमें उनकी वापसी फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी लेकर आया है।

द ग्रेट इंडियन कपिल शो का ट्रेलर नेटफ्लिक्स इंडिया के इंस्टाग्राम पेज पर रिलीज किया गया है। वहीं इसे कपिल शर्मा ने भी शेयर किया है। इसके कैप्शन में लिखा गया, ये समय है हंसने का जैसा पहले कभी नहीं किया, क्योंकि इस बार गैंग वापस आ गई है। हम इंटरनेशनल जा रहे हैं। ट्रेलर आ गया है एपिसोड 3० मार्च रात 8 बजे से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेंगे।

कपिल शर्मा के कॉमेडी शो का नया वर्जन हर किसी को पसंद आएगा। इसे टीवी नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम कराया जाएगा। इस शो का लोग इंतजार करते हैं क्योंकि ये फैमिली के लिए फुल एंटरटेनमेंट कॉमेडी शो है। इस बार कपिल शर्मा में दो नए गेस्ट आएंगे जो 2०13 से लेकर अब तक नहीं आए। उनका नाम है आमिर खान और रोहित शर्मा, इन दोनों का इस सीजन में वेलकम किया जाएगा।

कपिल शर्मा के कॉमेडी शो के इस नये वर्जन का ट्रेलर अगर आपने देखा तो इसमें कुछ चीजें नोटिस की होंगी। इस शो का सेटअप काफी बड़ा लगाया गया है जिसे इंटरनेशनल लेवल से डिजाइन किया गया है जिसमें कुछ भी देसीपन देखने को नहीं मिलेगा। इसके अलावा काफी लड़ाई-झगड़े के बाद सुनील ग्रोवर शो में गुत्थी बनकर 7 साल बाद वापसी कर रहे हैं।

साल 2०17 में कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के झगड़े की खबर आई थी और कई सालों तक दोनों ने बात भी नहीं की। अब इस शो में उनके बीच इसी बात को लेकर नोक-झोंक देखने को मिलेगा जो आपको एंटरटेन करेगा। इसके अलावा पहली बार आमिर खान का आना बड़ी बात है। 3० मार्च से रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर आप इस शो को देख पाएंगे, बस इसके लिए आपको नेटफ्लिक्स का सबस्क्रिब्शन लेना होगा।

इसके ट्रेलर में आप देख सकते हैं कि आमिर खान और रोहित शर्मा तो नजर आए। इनके अलावा रणबीर कपूर अपनी मां नीतू कपूर और बहन रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ आएंगे। परिणीति चोपड़ा भी नजर आएंगी, दिलजीत दोसांझ, इम्तियाज अली भी नजर आएंगे। बस सभी गेस्ट अलग-अलग एपिसोड्स में नजर आएंगे।

# पवन कल्याण फिल्म ओजी की रिलीज डेट से उठा पर्दा

पवन कल्याण ओजी की रिलीज डेट तय हो गई है। सुजीत द्वारा निर्देशित पावर स्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म, वे कॉल हिम ओजी (सिर्फ ओजी), लंबी अनुपस्थिति के बाद फिर से सुर्खियों में आ गई है। अब कुछ ही हिस्से पूरे होने बाकी हैं और फिल्म एक बार फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है।

फिल्म को लेकर चर्चा तेज हो गई है, खासकर जब पवन कल्याण ने एपी चुनावों के साथ अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी कर ली हैं। प्रशंसक एक सिनेमाई उत्कृष्ट कृति की आशा करते हुए, उत्कृष्ट दृश्यों के पूरा होने का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

उत्साह को बढ़ाते हुए, फिल्म ने आधिकारिक तौर पर अपनी रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है - जो प्रशंसकों के लिए एक बहुप्रतीक्षित क्षण है। वे कॉल हिम ओजी 27 सितंबर, 2०24 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है, जो एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव का वादा करता है। फिल्म प्रेमियों के बीच प्रत्याशा और उत्सुकता बढ़ाने के लिए जल्द ही अधिक विवरण के साथ एक आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है।

पावर स्टार पवन कल्याण के साथ अभिनय करने वाली प्रतिभाशाली प्रियंका अरुल मोहन हैं, जो एक गतिशील ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री का वादा करते हुए महिला प्रधान भूमिका निभाती हैं। फिल्म को डीवीवी एंटरटेनमेंट के प्रतिष्ठित डीवीवी दानय्या द्वारा समर्थित किया गया है, जो उच्चतम गुणवत्ता का उत्पादन सुनिश्चित करता है।

संगीत के क्षेत्र में, प्रशंसित थमन इस विशाल परियोजना के लिए संगीतकार के रूप में कार्यभार संभालते हैं, जो कथा में भव्यता और भावना की एक अतिरिक्त परत जोड़ते हैं। रूह कंपा देने वाले और चार्ट-टॉपिंग साउंडट्रैक देने के अपने सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, थमन वे कॉल हिम ओजी के समग्र सिनेमाई अनुभव को बढ़ाने के लिए तैयार है।

जैसे-जैसे रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, पावर स्टार पवन कल्याण, निर्देशक सुजीत, प्रतिभाशाली कलाकारों और थमन के नेतृत्व में कुशल चालक दल का सहयोग निश्चित रूप से एक सिनेमाई तमाशा तैयार करेगा जो आने वाले वर्षों तक दर्शकों के दिमाग में बना रहेगा। वे कॉल हिम ओजी सिर्फ एक फिल्म नहीं है; यह एक सिनेमाई यात्रा है जो कहानी कहने और मनोरंजन के मानकों को फिर से परिभाषित करने का वादा करती है। (आरएनएस)

# सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज पहुंची हवाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव



सान्या मल्होत्रा को आखिरी बार विकी कौशल के साथ फिल्म सैम बहादुर में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई।पिछले कुछ समय से अभिनेत्री अपनी आने वाली फिल्म मिसेज को लेकर चर्चा में हैं। यह मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचन का रीमेक है।मिसेज का प्रीमियर अब तक पाम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और टालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में हो चुका है।अब इस फिल्म ने एक और उपलब्धि हासिल की है।

मिसेज हवाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में चमकने को तैयार है।निर्माताओं ने खुशी जताते हुए लिखा, हमें यह साझा करते हुए सच से उत्साहित हैं कि सान्या मल्होत्रा अभिनीत हमारी हिंदी फिल्म मिसेज प्रतिष्ठित हवाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2०24 में प्रदर्शित की जाएगी।

इस फिल्म का निर्देशन आरती कडव ने किया है तो वहीं पम्मी बावेजा, हरमन बावेजा और ज्योतिदेश पांडे इस फिल्म के निर्माता हैं।मिसेज में निशांत दहिया और कंवलजीत सिंह जैसे कलाकार भी हैं।

# सोफिया अंसारी साड़ी पहन ढाती हैं कहर!

सोशल मीडिया का काफी पॉपुलर चेहरा सोफिया अंसारी अपनी ग्लैमरस अदाओं के लिए जानी जाती हैं। सोफिया अंसारी अक्सर अपने फोटोज से फैंस का ध्यान खींचती रहती हैं। सोफिया अंसारी के एक से बढकर एक फोटोज फैंस को दीवाना बनाती हैं। सोफिया अंसारी कई साड़ी पहनकर फोटोशूट कराती हैं और तस्वीरें फैंस के लिए शेयर करती है। सोफिया अंसारी की कातिलाना हुस्न देखकर फैंस घायल होते हैं। सोफिया अंसारी की तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। सोफिया अंसारी इंस्टाग्राम पर अक्सर अपनी साड़ी वाली तस्वीरें शेयर करती है। सोफिया अंसारी का अंदाज को फैंस पसंद आता है। सोफिया अंसारी की साड़ी वाली तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरते हैं। सोफिया अंसारी की इन तस्वीरों पर फैंस प्यार भी बरसाते हैं।

सोफिया अंसारी अपनी साड़ी वाली तस्वीरों में भी कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करने का मौका नहीं छोड़ती हैं। सोफिया अंसारी का बोल्ड अंदाज लोगों का ध्यान खींचता है। सोफिया अंसारी की सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग है। सोफिया अंसारी के द्वारा तस्वीरें शेयर करते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। सोफिया अंसारी के फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। सोफिया अंसारी अपने फैंस को निराश किए बिना अपनी झलक दिखाती रहती हैं। सोफिया अंसारी अलग-अलग अंदाज से साड़ी पहनती हैं। सोफिया अंसारी का हर अंदाज फैंस को अपनी तरफ आकर्षित करता है। सोफिया अंसारी की कातिलाना अदाएं फैंस को घायल कर जाती हैं। सोफिया अंसारी के फैंस उनकी हर अदा पर दीवाने रहते हैं। सोफिया अंसारी साड़ी के अलावा कई बार अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती हैं। सोफिया अंसारी को इसके लिए ट्रोल होना पड़ता है। सोफिया अंसारी को ट्रोलिंग का असर नहीं पड़ता है। सोफिया अंसारी का इंस्टाग्राम अकाउंट उनकी बोल्ड तस्वीरों भरा पड़ा है।

# जेएनयू प्रोफेसर निवेदिता मेनन की भूमिका निभाएंगी रश्मि देसाई



एक्ट्रेस रश्मि देसाई अपकमिंग फिल्म जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में लेखिका और प्रोफेसर निवेदिता मेनन की भूमिका निभाती नजर आएंगी।एक्ट्रेस ने कहा, सबसे पहले मुझे स्क्रीन पर देखने का इंतजार करने के लिए मेरे प्रशंसकों को बहुत-बहुत धन्यवाद। जिस तरह की मैं भूमिका निभाना चाहती थी, उसके लिए थोड़ा ब्रेक लेना सही निर्णय था। मैंने अपने किरदार के लिए बहुत मेहनत की है। उन्होंने आगे कहा, मेरे इस किरदार से बहुत से लोगों की उम्मीदें जुड़ी हुई है, और इस चीज का ध्यान रखना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। एक कलाकार के तौर पर चरित्र में गहराई से उतरने के लिए मैंने कड़ी मेहनत की है। रश्मि ने कहा, अब यह देखने का समय आ गया है कि दर्शक मेरे प्रदर्शन पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि लोगों को मेरा काम पसंद आएगा। प्रोमो के बाद मुझे इतना प्यार देने के लिए सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। आईएमडीबी के मुताबिक यह फिल्म एक छोटे शहर के सौरभ शर्मा के बारे में है जो अब जेएनयू का छात्र है। वहां वह राष्ट्रविरोधी वामपंथी छात्रों की गतिविधियों से बेचैन हो जाता है और उनके खिलाफ आवाज उठाता है।

# अर्थव्यवस्था : नए व्यापार समझौते का महत्त्व

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में 10 मार्च को भारत और चार यूरोपीय देशों के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) ने निवेश और वस्तुओं एवं सेवाओं के दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसे व्यापार और आर्थिक समझौता (टीईपीए) कहा गया है। गौरतलब है कि मुक्त व्यापार समझौता दो या दो से अधिक देशों के बीच एक ऐसी व्यवस्था है जहां वे साझेदार देशों से व्यापार की जाने वाली वस्तुओं पर सीमा शुल्क को खत्म कर देते हैं या कम करने पर सहमत होते हैं। इन संधियों के अंतर्गत 10 से 30 विषय शामिल होते हैं।

दुनिया में 350 से अधिक एफटीए वर्तमान में लागू हैं और भारत के द्वारा ईएफटीए देशों के साथ जो एफटीए किया है, वह दुनिया में अहम माना जा रहा है। 2022-2023 के दौरान ईएफटीए देशों को भारत का निर्यात 1.92 अरब डॉलर रहा था। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान इन देशों से भारत का कुल आयात 16.74 अरब डॉलर था। यानी व्यापार घाटा 14.82 अरब डॉलर हुआ था। नए एफटीए के तहत ईएफटीए ने अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यह भारत का ऐसे समूह के साथ पहला व्यापार करार है, जिसमें विकसित देश शामिल हैं। ईएफटीए के सदस्य देशों में आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन शामिल हैं। इस समझौते में 14 अध्याय हैं।

इनमें वस्तुओं के व्यापार, उत्पत्ति के नियम, शोध एवं नवाचार, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं का व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां निर्मित होगी। इस समझौते में व्यापार से ज्यादा निवेश पर जोर दिया गया है और भारत में इस समय निवेश के बेहतरीन मौके हैं। गौरतलब है कि इन चार यूरोपीय देशों से होने वाले भारत के कुल व्यापार में स्विट्जरलैंड की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत से अधिक है तथा बाकी की हिस्सेदारी में अन्य तीनों देश शामिल है। इस समझौते से डिजिटल व्यापार, बैंकिंग, वित्तीय सेवा, फार्मा, टेक्सटाइल जैसे सेक्टर में इन चार देशों के बाजार में भारत की पहुंच आसान होगी। इसके बदले में भारत भी इन देशों की विभिन्न वस्तुओं के लिए अपने आयात शुल्क को कम करेगा।

यद्यपि कृषि, डेयरी, सोया व कोयला सेक्टर को इस व्यापार समझौते से दूर रखा गया है साथ ही प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम से जुड़े सेक्टर के लिए भी भारतीय बाजार को नहीं खोला गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि ग्रीन व विंड एनर्जी, फार्मा, फूड प्रोसेसिंग, केमिकल्स के साथ उच्च गुणवत्ता वाली मशीनरी के क्षेत्र में ईएफटीए देश भारत में निवेश करेंगे जिससे इन सेक्टर में हमारा आयात भी कम होगा और भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों के लिए यूरोप के बड़े बाजार में पहुंच आसान हो जाएगी। इस समझौते में स्विट्जरलैंड के शामिल होने से भारत में लोकप्रिय स्विटजरलैंड के चॉकलेट्स, घड़ी व बिस्कुट भारतीय बाजार में पहले की तुलना में कम कीमत पर मिलेंगे।

समझौते के मुताबिक इन दोनों ही वस्तुओं पर लगने वाले वर्तमान के आयात शुल्क को अगले सात साल में चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना है। इसलिए हर साल शुल्क में थोड़ी-थोड़ी कटौती होती रहेगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि इस समझौते से भारत के साथ ईएफटीए देशों को वृद्धि के लिए भारत के बड़े बाजार तक पहुंच मिली है। भारतीय कंपनियां भी अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक जुझारू बनाते हुए उनमें विविधता लाने का प्रयास करेंगी। दूसरी तरफ भारत को ईएफटीए से अधिक विदेशी निवेश मिलेगा। इससे अंततः अच्छी नौकरियों में वृद्धि होगी। कुल मिलाकर भारत को अपनी आर्थिक क्षमता का बेहतर इस्तेमाल करने और रोजगार के अतिरिक्त अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।'

उल्लेखनीय है कि भारत और ईएफटीए देश व्यापार और निवेश समझौते पर 15 साल से भी लंबे समय से बातचीत कर रहे थे। करीब 13 दौर की वार्ता के बाद 2013 के अंत में इस पर बातचीत रुक गई थी। इसके बाद 2016 में फिर से वार्ता शुरू हुई और चार दौर की बातचीत के बाद अब यह समझौता धरातल पर आया है। वस्तुतः भारत-ईएफटीए, व्यापार समझौता एक मुक्त, निष्पक्ष और समानता वाले व्यापार के प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके जरिए भारत और ईएफटीए देश आर्थिक रूप से एक दूसरे के पूरक बन जाएंगे। ज्ञातव्य है कि ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं है।

यह मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने और तेज करने के लिए एक अंतर सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना उन देशों के लिए एक विकल्प के रूप में की गई थी जो यूरोपीय समुदाय में शामिल नहीं होना चाहते थे। इसमें कोई दो मत नहीं कि इस समय भारत वैश्विक नेतृत्वकर्ता देश के रूप में उभरकर दिखाई दे रहा है। ऐसे में दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते करने के लिए उत्सुक है। दुनिया यह देख रही है कि भारत सबसे तेज अर्थव्यवस्था के साथ आर्थिक विकास की डगर पर तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था को आर्थिक पंख लगे हुए दिखाई दे रहे हैं। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि अब नए मुक्त व्यापार समझौते भारत को निम्न मध्यम से उच्च मध्यम आय वाला देश बनाने में बड़े मददगार होंगे। निःसंदेह वर्तमान वैश्विक मंदी और इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर भारत के लिए निर्यात बढ़ाने के लिए ईएफटीए के बाद अब अन्य विभिन्न देशों के साथ एफटीए वार्ताओं की गति बढ़ाए जाए।

हम उम्मीद करें कि ईएफटीए के बाद अब भारत के द्वारा ओमान, ब्रिटेन, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल और यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जा सकेगा। हम उम्मीद करें कि देश मुक्त व्यापार समझौतों की ताकत के साथ आगे बढ़ेगा साथ ही देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशों के अनुरूप तैयार की गई विकसित भारत@2047 की विस्तृत कार्य योजना के एजेंडे पर 8 से 9 फीसदी विकास दर के साथ विकसित भारत की डगर पर भी तेजी से आगे बढ़ेगा।

## हद में रहें ओटीटी प्लेटफार्म...!



आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। लगातार चेतावनियों के बावजूद अश्लील सामग्री दिखाने पर अठारह ओटीटी प्लेटफार्म्स को बैन कर दिया है। यह कदम सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा उठाया गया।

इसके साथ ही उन्नीस वेबसाइट्स, दस एप व 57 सोशल मीडिया हैंडल्स को भी ब्लॉक किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, इन प्लेटफॉर्म्स को रचनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर अश्लीलता फैलाने के लिए चेतावनी दी गई थी, जिसे लेकर सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए अंततः देश भर में पाबंदी लगा दी। इस कार्रवाई के तहत फेसबुक पर 12, इंस्टाग्राम पर 17, एक्स पर 16 अकाउंट समेत यूटयूब के 12 अकाउंट्स पर भी पाबंदी लगाई गई है।

दुनिया भर की सरकारें अपने यहां समय-समय पर इंटरनेट पर सख्ती करती रहती हैं। चीन, उत्तर कोरिया, ईरान, तुर्किए जैसे देशों में फेसबुक, ट्वीटर तथा यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर पाबंदियां लगाने के लिए बुरी तरह बदनाम हैं। कुछ समय पहले भी भारत सरकार द्वारा 58 मोबाइल एप्स पर भी पाबंदी लगाई जा चुकी है। यह सच है कि स्क्रीन पर अश्लील कंटेंट की बहुतायत है।

सरकार की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह ऐसे प्लेटफार्म्स को हिदायत दे। बावजूद इसके यदि वे अपनी स्थिति स्पष्ट करने में असफल होते हैं या चेतावनियों की अनदेखी करते हैं तो उन पर सख्त कार्रवाई करने में संकोच नहीं करना चाहिए, परंतु जैसे कि यह चुनावी वर्ष है, जिसे देखते हुए सरकार पर यह आरोप लगना लाजमी है कि उस पर कीचड़ उछालने वाले कंटेंट या कार्यक्रमों की पहुंच को सीमित रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया।

इंटरनेट के जमाने में अश्लीलता को रोकना किसी भी सिस्टम के हाथ में नहीं रहा है। यहां सब कुछ खुलेआम नजर आ रहा है। रचनात्मकता पर अंकुश लगाना कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। क्योंकि शील-अश्लील की बारीक रेखा को चिह्नित करना आसान नहीं है।

यह चुनाव स्वयं दर्शकों को करने की पूरी आजादी होनी चाहिए, न कि सरकारों को अंकुश लगाने में जल्दबाजी करनी चाहिए। याद रखना जरूरी है कि गूगल सबसे ज्यादा देखे जाने वाले कंटेंट की प्रतिवर्ष सूची जारी करता है, उसमें पोर्न देखने वाले भारतीयों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। (आरएनएस)

## तेलुगू देशम पार्टी फिर एनडीए में

आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोक सभा के चुनाव भाजपा, तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) और जनसेना पार्टी (जेएसपी) मिलकर लड़ेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लगातार दूसरे दिन बैठक करने के उपरांत तीनों दलों ने संयुक्त बयान जारी करके इस बाबत जानकारी दी। इस प्रकार एनडीए परिवार में दो और दल शामिल हो गए हैं, और तीनों जल्द ही सीट शेयरिंग के तौर-तरीकों को लेकर बातचीत करेंगे। दरअसल, भाजपा दक्षिण भारत में ज्यादा से ज्यादा लोक सभा सीटें जीतने की रणनीति पर गहन मंथन करती रही है।

अपनी इसी रणनीति के तहत उसने आंध्र प्रदेश की एक बड़ी पार्टी तेदेपा और बनिस्बत एक छोटे दल को साथ लेकर बढ़ने का फैसला किया है। वैसे, तेदेपा और भाजपा का रिश्ता कोई नया नहीं हैं, दोनों पार्टियों के बीच रिश्ता काफी पुराना है। तेदेपा राजग 1996 में शामिल हुई थी। अटलबिहारी वाजपेयी और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकारों में सफलतापूर्वक काम कर चुकी है।

तेदेपा और भाजपा ने 2014 का लोक सभा और विधानसभा चुनाव साथ लड़ा था जबकि जनसेना पार्टी ने 2014 के आम चुनाव और विधानसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था। जेएसपी के अध्यक्ष पवन कल्याण हैं, और इस पार्टी के राज्य के कुछ पॉकेट्स में प्रभाव माना जाता है। तेदेपा का राजग में शामिल होने को लेकर पहले से कोई संशय नहीं था, और माना जा रहा था कि तेदेपा का राजग में शामिल होने की घोषणा कुछ ही दिनों की बात है।

आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस का मुकाबला करने के लिए उसके लिए जरूरी है कि वह राजग का हिस्सा बने ताकि वाईएसआर का मजबूती से मुकाबला कर सके। पता चला है कि तेदेपा लोक सभा की 17 सीटों और विधानसभा की 145 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा और जेएसपी लोक सभा की 8 सीटों और विधानसभा की 30 सीटों पर चुनाव लड़ सकती हैं।

तेदेपा की कोशिश है कि भाजपा खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशव्यापी लोकप्रियता के सहारे न केवल लोक सभा की अपने हिस्से की सीटें जीत ले, बल्कि विधानसभा में भी अपनी कड़ी प्रतिद्वंद्वी वाईएसआर को शिकस्त देकर राज्य की सत्ता पर काबिज हो जाए। उसे अपनी सरकार के कार्यकाल के प्रदर्शन से कहीं ज्यादा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्मे और दूरदर्शी व जीवंत नेतृत्व पर विश्वास है, जिसके सहारे वह चुनावी वैतरणी पार हो जाना चाहती है। भाजपा के लिए भी दक्षिण के इस प्रमुख राज्य में उसका साथ माकूल है। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र. 118

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र117 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# टेंडर दिलाने के नाम पर डेढ करोड की ठगी में सीएम के ओएसडी सहित तीन पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। नेशनल गेम के टेंडर दिलाने के नाम पर डेढ करोड की ठगी करने के मामले में मुख्यमंत्री के ओएसडी सहित तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी प्रदीप गुप्ता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के ओएसडी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने अपने साथियों सौरभ शर्मा उर्फ सौरभ वत्स निवासी अठूरवाला डोईवाला, सुनील सोही निवासी आम्रपाली प्लेटिनम सेक्टर 119 नोएडा के साथ मिलकर उसको अगस्त 2020 में 18 करोड रूपये का उत्तराखण्ड मे नेशनल गेम के टेंडर दिलवाने के नाम पर जालसाजी करके नकली कागजात बनाकर उसको व्हाट्स एप के माध्यम से भेजकर उससे एक करोड 40 लाख की ठगी कर एक आपराधिक कृत्य किया है। लगभग एक करोड 40 लाख की राशि उसने दिल्ली व देहरादून स्थित आईसीआईसीआई बैंक से निकालकर इनको होटल बोलीवर्ल्ड सचिवालय के सामने देहरादून में दिए थे। यह होटल भी इन लोगों ने ही बुक कराया था। इन लोगों द्वारा ना तो उसको टेंडर दिलवाया गया है और ना ही उसका पैसा उसको वापस दिया गया। उसके पास इस सम्बन्ध में उपरोक्त तीनो की मोबाइल वाईस रिकोर्ड है, साथ ही उसके साथ इनकी जो व्हाट्स एप चैटिंग है वो भी दे देगा। उसने जब इन लोगों से टेंडर दिलवाने अथवा उसके पैसे वापस करने की बात की तो इन लोगों ने उसको जान से मारने की धमकी दी गयी। इस प्रकार उसको इन लोगों ने टेंडर दिलवाने के नाम पर उसके साथ फर्जी कागजात बनाकर धोखा किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## भूमि पर कब्जा करने के आरोप में तीन पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। भूमि पर पिल्लर तोडकर कब्जा करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजबपुर रायपुर निवासी ममता बिष्ट ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी डाण्डा लखौण्ड में जमीन है। आज काली मन्दिर एन्क्लेव निवासी अंजली शर्मा, आशू शर्मा व विपिन जोशी उनकी भूमि पर गये और वहां पर लगे पिल्लर तोडकर उसकी जमीन पर कब्जा करने की नियत से बाड़ीवाल कराने लगे। जब उसने वहां पर जाकर उनका विरोध किया तो उन्होंने उसको जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सेक्सटार्शन का शिकार हुए रिटायर्ड अधिकारी, मुकदमा दर्ज

हमारे संवाददाता

देहरादून। मंगलौर निवासी सीबीसीआईडी के रिटायर विशेष लोक अभियोजक अंबरीश कुमार सेक्सटॉर्शन का शिकार हो गए। जिसके बाद उन्होंने एसटीएफ में इसकी शिकायत की। एसटीएफ ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार एसटीएफ को दी गयी शिकायत में उन्होने बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर एक विदेशी नंबर से फोन आया और सामने वाले ने खुद को उनका भांजा बताया लेकिन उन्होंने वह फोन काट दिया। जिसके बाद देर रात फिर उनके मोबाइल में वाट्सअप वीडियो कॉल आई और काल करने वाली ने अपना परिचय निशा के नाम से दिया और वीडियो कॉल में अश्लील हरकते करने लगी। इस दौरान उसने रिकॉर्ड कर दिया। काल रिकॉर्ड करने के बाद उसके द्वारा अंबरीश को ब्लैकमेल कर मोटी रकम मांगी गई। लेकिन अंबरीश ने पैसे देने से इंकार कर दिया और उनके खिलाफ एसटीएफ में मुकदमा दर्ज करवा दिया। मुकदमा दर्ज करने के बाद कार्यालय के निरीक्षक अबुल कलाम ने जांच की तो सामने आया कि यह हरियाणा के मेवात का सेक्सटार्शन गैंग है। जिस नंबर से पीड़ित को कॉल गई, उस नंबर पर इस तरह की हरकत की सैकड़ों शिकायत देशभर में दर्ज हैं।

## पीएम रुद्रपुर व ऋषिकेश में करेंगे रैली..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

भाजपा का दावा है कि उसकी जीत तो सभी सीटों पर सुनिश्चित है भाजपा को सिर्फ यह तय करना है कि जीत कितनी बड़ी हो। खैर इसकी जानकारी तो मतगणना के बाद ही हो सकेगी लेकिन भाजपा अब चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकने के लिए कमर जरूर कस चुकी है

## हमें हमारा पप्पू मुबारक तुम्हें तुम्हारा..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

को पप्पू समझते हैं उनका कहना है कि उनकी बातों को सरकार गंभीरता से नहीं लेती तो उन्होंने कहा कि हर एक मां-बाप को अपना पप्पू प्यारा होता है। हमारा पप्पू हमें मुबारक और उन्हें उनका गप्पू मुबारक। उन्होंने कहा कि आज उनके पप्पू के किसी एक सवाल का जवाब गप्पू के पास नहीं है और वह अपनी हार की संभावनाएं सामने खड़ी देखकर बौखलाए हुए हैं।

# खाते फ्रीज किये जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस के खाते आयकर विभाग द्वारा फ्रीज किये जाने के विरोध में महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

आज यहां कांग्रेस के खाते आयकर विभाग द्वारा फ्रीज करने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। गोगी ने कहा कि ठीक चुनाव से पहले इस तरह की हरकत और विपक्ष के खिलाफ ईडी तथा आयकर के हथकंडों से स्पष्ट है कि भाजपा देश के लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। कुछ जांच भी जरूरी भी है तो कम से कम चुनाव तक तो रुका जा सकता है। अब जब पार्टी अपने खातों का संचालन वैधपूर्ण राजनीतिक गतिविधियों हेतु नहीं कर पाएगी तो लोकसभा चुनावों में कैसे भागीदारी कर पायेगी। ऐसे चुनाव की शुचिता कैसे निष्पक्षता कैसे स्थापित रह पाएगी जब देश के मुख्य विपक्षी दल को ठीक चुनाव से पहले 1800 करोड़ से अधिक का भारी भरकम टैक्स नोटिस थमा दिया जाये और उसके बैंक खाते फ्रीज कर दिए जाएं।

गोगी ने कहा कि कितने दुख और शर्म की बात है कि देश के मुख्य विपक्षी दल को इस तरह चुनावों के दौरान प्रताड़ित करने की हरकत से अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं और प्रमुख देशों को हमारे आंतरिक मामलों में टिप्पणी करने का मौका मिला है जिससे हमारे लोकतंत्र की छवि धूमिल हो रही है। प्रदेश महामंत्री गोदावरी थापली ने कहा कि इस तरह के टैक्स टेररिज्म से और ईडी के राजनीतिकरण के द्वारा भाजपा देश को पूरी तरह से तानाशाही व्यवस्था की तरफ ले जा रही है। इनकम टैक्स विभाग ने भाजपा के इशारे पर यह कार्य जरूर कर रहा है लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता ऐसी हरकतों पर चुप नहीं बैठेंगे। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा और न्यायपालिका के साथ-साथ जनता की अदालत में भी न्याय मांगा जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से पूरण सिंह रावत , गोदावरी थापली, मोहन कला उपस्थित रहे।

## महाकाल के भक्तों ने संगत को पिलायी चाय



संवाददाता

देहरादून। श्री झंडा साहिब के आरोहण के दौरान महाकाल के भक्तों से संगत को चाय व रस बिस्कूट बांटे।

आज यहां श्री झंडा साहिब के आरोहण के पावन पर्व पर श्री महाकाल के भक्त सामाजिक संस्था द्वारा संगत की सेवा हेतु चाय/रस की सेवा पीपल मंडी चौक देहरादून पर दी गई। जिसमे महाकाल के भक्तो ने चाय रस बिस्कुट की सेवा की। संस्था के अध्यक्ष अंकुर जैन ओर कार्यकारी अध्यक्ष दीपक जेठी ने सभी सात संगत को गुरु राम राय जी के जन्मजयंती के उपलक्ष मे बधाई शुभकामनाये प्रस्तुत की। इस पावन अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह, आलोक अग्रवाल, अंकुर मल्होत्रा, एकांश गर्ग आदि साथ रहे।

# बंद मकान में हुई चोरी का खुलासा दो गिरफ्तार, एक फरार

हमारे संवाददाता

देहरादून। बंद मकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिरों को चोरी किये गये माल सहित गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है। आरोपियों द्वारा मजदूरी किये जाने की आड़ में इस वारदात को अंजाम दिया गया था।

मिली जानकारी के अनुसार बीती 28 मार्च को भरत सिंह रावत पुत्र स्व. रणजीत सिंह निवासी पिण्डर वैली एन्कलेव नकरौन्दा द्वारा कोतवाली डोईवाला में तहरीर देकर बताया गया था कि अज्ञात चोरो द्वारा उनके घर से हजारों की नगदी व सोने के जेवरात चोरी कर लिये गये है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद बीते रोज एक सूचना के पश्चात उक्त चोरी में शामिल दो चोरों को पिण्डर वैली सर्विस रोड हर्रावाला से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से घटना में चोरी की गई लाखों की ज्वैलरी तथा 48



### ❑लाखों के जेवरात व नगदी बरामद

हजार की नगदी बरामद की गई। पूछताछ में उन्होने अपना नाम जावेद पुत्र रिफाकत निवासी ग्राम बेरी जमा पोस्ट बलिया खेडी, सहारनपुर व शाहिद पुत्र जहांगीर निवासी छोटी ईक्कड, थाना पथरी, जिला हरिद्वार बताया। बताया कि नकरौदा क्षेत्र में चल रहे सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य में वह सभी मजदूरी करते है, इस दौरान उनके द्वारा एक घर को चिन्हित करते हुए अपने एक अन्य साथी के साथ उक्त घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। आरोपियों से पूछताछ में घटना में एक अन्य आरोपी के शामिल होने की जानकारी मिली है, जो गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

# महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए किया स्कूटी रैली का आयोजन



हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी द्वारा 30 मार्च 2024 से 6 अप्रैल 2024 तक बूथ जागरूकता सप्ताह मनाए जाने हेतु प्रत्येक दिवस अलग-अलग वर्ग के मतदाता समूह को लक्षित करते हुए गतिविधियों का रोस्टर जारी किया गया है।

जिसके क्रम में आज प्रथम दिवस पर महिला मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जनपद में विभिन्न स्थानों पर स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। देहरादून शहर में स्कूटी रैली को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फ्लैग ऑफ किया गया। उक्त रेली में लगभग 125 स्कूटी पर 180 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस रैली में स्कूटी में मतदाता जागरूकता स्टीकर और महिलाओं द्वारा मतदान संबंधी नारों के साथ सर्वे चौक से प्रारंभ होकर बहल चौक से घंटाघर तदोपरांत ई सी रोड होते हुए आराघर पर समापन किया गया।

## एक नजर

# जिन लोगों ने नारेबाजी की है, उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई होगी: डीएम

### ❑मुख्तार अंसारी को किया गया सुपुर्द-ए-खाक

नई दिल्ली। माफिया मुख्तार अंसारी को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गाजीपुर जिले के उनके पैतृक निवास युसूफपुर मोहम्मदाबाद के कालीबाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया है। मुख्तार के जनाजे में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस दौरान कई लोगों ने नारेबाजी की जिसे लेकर डीएम ने सख्त रुख अपनाया है। डीएम ने कहा कि ऐसे लोगों की वीडियोग्राफी हुई है। उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। गाजीपुर की डीएम आर्यका अखौरी ने कहा, जिन भी लोगों ने नारेबाजी की है, उन सबकी वीडियोग्राफी कराई गई है और सबके विरुद्ध कार्रवाई भी करवाई जाएगी। क्योंकि, हम बार-बार अनाउंस भी कर रहे थे कि आदर्श आचार संहिता है तो उसके अनुरूप सबको आचरण रखना चाहिए। जिसने भी उल्लंघन किया है उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई होगी और मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। मुख्तार अंसारी के जनाजे में शामिल होने आए लोगों ने इस दौरान नारेबाजी की थी। कई लोग मुख्तार अंसारी जिंदाबाद जैसे नारे लगाते भी दिखाई दिए। जिसे लेकर डीएम आर्यका अखौरी ने कहा, नारेबाजी की घटना की वीडियोग्राफी का अवलोकन करके जिस-जिस ने जो नारा लगाया है उसकी जांच की जाएगी और उसके हिसाब से कार्रवाई होगी।



# कांग्रेस के दिग्गज नेता शिवराज पाटिल की बहू अर्चना पाटिल भाजपा में हुई शामिल

मुंबई। कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल की बहू अर्चना पाटिल चाकुरकर शनिवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। यह घटनाक्रम देश में 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से कुछ दिन पहले हुआ है। उन्होंने शुक्रवार को दक्षिण मुंबई में अपने आधिकारिक आवास सागर में देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की थी। अर्चना पाटिल चाकुरकर ने पहले कहा था कि उन्होंने सोमवार को शिवराज पाटिल के करीबी सहयोगी और राज्य के पूर्व मंत्री बसवराज मुरुमकर के साथ भाजपा में शामिल होने की योजना बनाई थी, लेकिन अपनी बेटी की शादी के कारण उन्होंने योजना स्थगित कर दी। वह उदगीर में लाइफकेयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की चेयरपर्सन हैं और उनके पति शैलेश पाटिल कांग्रेस के राज्य सचिव हैं। शिवराज पाटिल 2004 से 2008 के बीच कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में केंद्रीय गृह मंत्री थे। देवेंद्र फडणवीस ने अर्चना पाटिल का बीजेपी में स्वागत करते हुए कहा कि उनके शामिल होने से पार्टी मजबूत होगी।



# कंगना ने कहा, 'जनता उन्हें हिरोइन नहीं बल्कि अपनी बहन-बेटी समझे'

मंडी । कंगना रनौत मंडी से इस बार चुनावी मैदान में हैं। आज उन्होंने मंडी में अपना रोडशो भी किया। इस रोड शो के दौरान उन्होंने मंडी की जनता के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जनता उन्हें हिरोइन नहीं बल्कि अपनी बहन-बेटी समझें। विपक्ष को लेकर वह बोली जो लोग बहन-बेटी का भाव तय करें वो मंडी की जनता के नहीं हो सकते कंगना ने रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा, यह मत सोचना कि कंगना हीरोइन है, वह स्टार है। कंगना को अपनी बहन, अपनी बेटी समझो। सब मेरा परिवार हैं। इस बार मंडी की जनता दिखा देगी कि हमलोगों के दिल में क्या है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, आप यहाँ बड़ी भीड़ देख सकते हैं। बहुत सारे लोग यहाँ आए हैं। उन सभी को गर्व है कि मंडी की बेटी, मंडी की राष्ट्रवादी आवाज इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगी। इस चुनाव में बीजेपी के लिए विकास ही मुख्य मुद्दा है। कंगना बोलीं, हमारे नेता नरेंद्र मोदी जिस तरह से हमें गाइड करेंगे, उस दिशा में हम कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। मंडी की जनता दिखा देगी कि उनके दिल में क्या है। बता दें कि एक ओर कंगना रनौत जोर शोर से अपना प्रचार करने में जुटी है तो वहीं दूसरी ओर उनकी माँ आशा ने सुप्रिया श्रीनेत द्वारा की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है। कंगना की माँ सुप्रिया श्रीनेत ने कहा-उनके भी घर में बेटियाँ और बहुएँ हैं। अगर वह ऐसा बोलती हैं तो उन्हें सोचना होगा कि उन्हें अपने घर की बहू-बेटियों के लिए कैसा लगेगा। जैसा उन्हें लगेगा वही दर्द मुझे है।



# झंडे जी के आरोहण के साथ शुरू हुआ ऐतिहासिक झंडा मेला

संवाददाता

देहरादून। प्रेम सद्भाव व आस्था के प्रतीक झंडे जी का आरोहण के दौरान गुरू रामराय के जयकारों से वातावरण गूंजायमान रहा। झंडे जी के आरोहण के पश्चात ऐतिहासिक झण्डा मेला शुरू हो गया है।

आज यहां होली से पांचवे दिन ऐतिहासिक झंडे मेले की शुरूआत होती है। जिसकी तैयारियां 20 मार्च से ही शुरू हो गयी थी। 20 मार्च को हरियाणा के अराईयांवाला में झंडेजी का आरोहण किया गया जिसके बाद 21 मार्च को गुरू रामराय इंटर कालेज सहसपुर से पैदल संगत का स्वागत किया गया। 22 मार्च को पैदल संगत का कांवली गांव में प्रवेश के पश्चात शाम को दर्शनी गेट पर श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज की अगुआई में स्वागत किया गया।

आज प्रातः आठ से नौ बजे दरबार साहिब के सज्जादानशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज की अगुआई में झंडेजी को उतारने की प्रक्रिया के बाद दूध, दही, गंगाजल से ध्वजदंड (झंडेजी) को स्नान कराया गया। जिसके बाद दस बजे से सादे, सनील गिलाफ के बाद दर्शनी गिलाफ चढाया गया व चंवर गोटों से झंडेजी को सजाया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में संगतें वहां पर मौजूद थी तथा श्री गुरु राम राय की जयकारों से पूरा वातावरण गूंज रहा था। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के कडे इंतेजाम किये हुए थे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात थी। झंडे मेले के लिए एक अस्थायी कोतवाली को भी स्थापित किया गया।



दोपहर दो बजे से जयकारों के साथ झंडेजी के आरोहण की तैयारियां शुरू हो गयी थी। इस वर्ष ग्राम अहराणा कला जिला होशियारपुर पंजाब के हरभजन सिंह को दर्शनी गिलाफ चढाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनके स्वजनों ने यह बुकिंग 108 साल पहले करायी थी। इस अवसर पर दरबार साहिब में देश विदेश की संगतों के साथ ही पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश की संगते गत दिवस ही दरबार साहिब में पहुंच गयी थी। इस दौरान गुरु महाराज के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज रहा था। झंडेजी के आरोहण के सजीव प्रसारण के लिए विभिन्न स्थानों पर पांच एलईडी स्क्रीन लगायी गयी थी तथा दरबार साहिब के यूट्यूब चैनल व फेसबुक पेज पर भी सीधा प्रसारण दिखाया जा रहा था। दोपहर तीन बजे से संगतों ने बल्लियों की कैंची बनाकर झंडे जी का आरोहण शुरू किया गया। समाचार लिखे जाने तक आरोहण का कार्य जारी था।

# सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, दो घायल



हमारे संवाददाता

पौड़ी। सड़क दुर्घटना में आज सुबह डम्पर व ट्रक की टक्कर हो जाने से पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों द्वारा तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं दो लोगों का उपचार जारी है। मृतकों की शिनाख्त नहीं हुई है, जिसके प्रयास जारी है।

सड़क दुर्घटना का यह मामला पौड़ी जनपद के कोटद्वार क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार यहां बीईएल रोड पर आज सुबह एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हों गई जबकि 2 लोग घायल हों गए। बताया जा रहा है कि बीईएल रोड पर ओवर लोडेड एक डम्फर नें सड़क पर खड़े एक ट्रक कों पीछे से टक्कर मार दी। दरअसल, सड़क पर खराब इस ट्रक कों पीछे से कुछ मुजदूर धक्का मार रहें थे कि इसी दौरान पीछे से आ रहें डम्फर नें उसे टक्कर मार दी, जिससे पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और सभी लोगों को 108 सेवा से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस का कहना है कि अभी शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है जांच की जा रही है। वहीं अन्य दो घायलों का उपचार जारी है।

# बुजुर्ग महिला से लूट करने वाले दोनों युवक गिरफ्तार, चेन बरामद

संवाददाता

देहरादून। बुजुर्ग महिला से चैन लूटने वाले दोनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गयी चैन बरामद कर ली। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली ऋषिकेश में 29 मार्च 2024 को राकेश सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी बापू ग्राम गली नंबर एक आईडीपीएल ऋषिकेश के द्वारा एक लिखित तहरीर दी कि उनकी सास श्रीमती गुड्डी देवी से बापू ग्राम गेट के पास दिन में लगभग 2 बजे विक्रम से उतरते समय दो लड़कों के द्वारा उनके गले की चैन छीन कर भाग जाने के संबंध में दी गई। प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली ऋषिकेश में लूट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बुजुर्ग महिला के साथ हुई चैन लूट की घटना के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा तत्काल घटना के अनावरण तथा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक ऋषिकेश को आदेशित किया गया। जिस पर तत्काल कोतवाली ऋषिकेश में घटना के अनावरण हेतु एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज का अवलोकन किया। घटना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्रित कर लेबर कॉलोनी तिराहे के पास से चेन स्नेचिंग की घटना से संबंधित 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से घटना में लूटी गई चेन बरामद की गई। पूछताछ में दोनों के द्वारा बताया गया कि वे दोनों नशे के आदी हैं तथा नशे की पूर्ति के लिए उन्हें पैसों की आवश्यकता थी, इस दौरान उन्होंने विक्रम में दो बुजुर्ग महिलाओ को बैठे हुए देखा, उनमे से एक के गले में सोने की चेन थी। वे दोनों भी ऋषिकेश से विक्रम में उक्त महिला के साथ बैठ गये जैसे ही उनमे से एक बुजुर्ग महिला विक्रम से उतरने लगी, उनके द्वारा उसकी चेन खींच ली और मौके से फरार हो गये, वह चैन को बेचने की फिराक में घूम रहे थे, पर इससे पूर्व ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम विवेक शर्मा पुत्र ज्योतिष शर्मा निवासी कृष्णा नगर कॉलोनी आईडीपीएल ऋषिकेश, हेमंत शाक्य पुत्र जसबीर शाक्य निवासी कृष्णा नगर कॉलोनी आईडीपीएल ऋषिकेश बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*